रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD

सीoईoएनo ०९ /२०२५ -7 वें सीपीसी वेतन मैट्रिक्स के लेवल १ में विभिन्न पदों हेतु

CEN 09/2025 - Various Posts in Level 1 of 7th CPC Pay Matrix

| | |
|---|---|
| Test Date | 25/08/2026 |
| Test Time | 4:30 PM - 6:00 PM |
| Subject | RRB Level 01 Stage I 2025 |

**Q.1** **कोई विद्यार्थी किसी कार के लिए चाल-समय आरेख का प्रेक्षण करता है जो 10 सेकंड तक नियत चाल से गति करती है, फिर 5 सेकंड तक त्वरित होती है। विद्यार्थी इन 15 सेकंड के दौरान तय की गई कुल दूरी की गणना करने के लिए आरेख का उपयोग कैसे कर सकता है?**

Ans A). 15 सेकंड पर अंतिम चाल को पढ़कर और 15 से गुणा करके B). प्रत्येक खंड के लिए चाल-समय आरेख के अंतर्गत क्षेत्रफल की गणना करके और उन्हें जोड़कर

C). कुल समय को आरेख पर दर्शायी गई औसत चाल से गुणा करके D). केवल त्वरण खंड के अंतर्गत क्षेत्रफल का उपयोग करके

Correct Answer: B

**Q.2** **एक वनस्पतिशास्त्री सूक्ष्मदर्शी से दो प्रकार की कोशिकाओं का अवलोकन करता है। पहले प्रकार की कोशिका में स्थूल कोशिका भित्तियां और बड़ी रिक्तिकाएं हैं, जबकि दूसरे प्रकार की कोशिका में कोशिका-भित्ति का अभाव होता है और उसमें छोटी रिक्तिकाएं हैं। इससे क्या निष्कर्ष निकाला जा सकता है?**

Ans A). दोनों प्रतिदर्श पादप ऊतक हैं। B). पहला प्रतिदर्श जंतु ऊतक है, और दूसरा प्रतिदर्श पादप ऊतक है। C). दोनों प्रतिदर्श जंतु ऊतक हैं।

D). पहला प्रतिदर्श पादप ऊतक है, और दूसरा प्रतिदर्श जंतु ऊतक है।

Correct Answer: D

**Q.3** **सोडियम का इसके यौगिक से निष्कर्षण करने के लिए सामान्यतः किस विधि का उपयोग किया जाता है?**

Ans A). कार्बन के साथ तापन B). आसवन C). वैद्युतअपघटनी अपचयन D). ऊष्मीय अपघटन

Correct Answer: C

**Q.4** **अमीबा, यीस्ट और हाइड्रा केवल एक जनक जीव की उपस्थिति में भी जनन कर सकते हैं। इससे अलैंगिक प्रजनन के बारे में क्या निष्कर्ष निकलता है?**

Ans A). दो जनक सदैव आवश्यक होते हैं। B). यह केवल बहुकोशिकीय जीवों को उत्पन्न करता है। C). जनन के लिए बीज की आवश्यकता होती है।

D). यह युग्मकों के संलयन के बिना होता है।

Correct Answer: D

**Q.5** **अम्ल और क्षारक, त्वचा पर अपने प्रभाव के संबंध में किस प्रकार समान हैं?**

Ans A). ये दोनो मॉइस्चराइजर के रूप में कार्य करते हैं B). वे दोनों त्वचा को राहत देते हैं C). ये दोनों बिना किसी क्षति के त्वचा को स्वच्छ करते हैं

D). ये दोनों क्षोभ या दग्ध का कारण बन सकते हैं

Correct Answer: D

**Q.6** **निम्नलिखित में से कौन-सा प्रेक्षण, स्थिर अनुपात के नियम का उल्लंघन करता है?**

Ans A). मैग्नीशियम सल्फाइड का एक प्रतिदर्श जिसमें मैग्नीशियम और सल्फर का द्रव्यमान अनुपात 4:3 है

B). सोडियम क्लोराइड का एक प्रतिदर्श जिसमें सोडियम और क्लोरीन का द्रव्यमान अनुपात 23:35.5 है

C). जल का एक प्रतिदर्श जिसमें हाइड्रोजन और ऑक्सीजन का द्रव्यमान अनुपात 1:8 है

D). अमोनिया का एक प्रतिदर्श जिसमें नाइट्रोजन और हाइड्रोजन का द्रव्यमान अनुपात 14:3 है

Correct Answer: A

**Q.7 यदि चुंबकीय क्षेत्र की दिशा उत्तर से दक्षिण की ओर है और चालक ऊपर की ओर गति करता है, तो फ्लेमिंग के दक्षिण-हस्त नियम का उपयोग करते हुए, प्रेरित धारा की दिशा क्या होगी?**

Ans A). पश्चिम की ओर B). प्रेक्षक की ओर C). प्रेक्षक से दूर D). पूर्व की ओर

Correct Answer: D

**Q.8 किसी विद्यार्थी को दूर और निकट दोनों की वस्तुओं को स्पष्ट रूप से देखने में कठिनाई हो रही है। एक परीक्षण के बाद, यह पाया गया कि नेत्र की पेशियां लेंस की फोकस दूरी को ठीक से समायोजित करने में सक्षम नहीं हैं। इस समस्या के लिए मानव नेत्र का कौन-सा भाग सबसे अधिक उत्तरदायी है?**

Ans A). श्वेतपटल (Cornea) B). परितारिका (Iris) C). दृष्टिपटल (Retina) D). पक्ष्माभी पेशियां (Ciliary muscles)

Correct Answer: D

**Q.9 न्यूटन के तृतीय नियम के युग्मों में क्रिया और प्रतिक्रिया बलों के परिमाण पर क्या प्रभाव पड़ता है?**

Ans A). ये परिमाण में सदैव बराबर और दिशा में विपरीत होते हैं B). ये इस बात पर निर्भर करते हैं कि कौन-सी वस्तु अधिक भारी है

C). ये मिलकर एक अधिक प्रबल बल का निर्माण करते हैं D). ये एक-दूसरे को पूरी तरह से निरस्त कर देते हैं

Correct Answer: A

**Q.10 निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं?**
**कथन I: विभिन्न तत्वों के परमाणु, निश्चित अनुपात में मिलकर यौगिक बनाते हैं।**
**कथन II: किसी शुद्ध रासायनिक यौगिक में, तत्व सदैव द्रव्यमान के निश्चित अनुपात में उपस्थित होते हैं।**

Ans A). केवल कथन I सही है B). केवल कथन II सही है C). कथन I और II दोनों गलत हैं D). कथन I तथा II दोनों सही हैं

Correct Answer: D

**Q.11 निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सर्वोत्तम रूप से वर्णन करता है कि मेडिकल इमेजिंग में अल्ट्रासाउंड का उपयोग किस प्रकार किया जाता है?**

Ans A). अल्ट्रासाउंड तरंगें, आंतरिक प्रतिबिंबों को बनाने के लिए ऊतकों से परावर्तित होती हैं।

B). अल्ट्रासाउंड तरंगें, अस्थियों द्वारा अवशोषित होकर मृदु ऊतकों को दृष्टिगत करती हैं।

C). अल्ट्रासाउंड तरंगें, दृश्य प्रतिबिंबों को उत्पन्न करने के लिए ऊतकों का आयनीकरण करती हैं।

D). अल्ट्रासाउंड तरंगें बिना किसी अंतःक्रिया के रक्त से होकर गुजरती हैं और प्रतिबिंब बनाती हैं।

Correct Answer: A

**Q.12 मूल पादप द्रव्य की तुलना में, कोयले में कार्बन मात्रा अधिक क्यों होती है?**

Ans A). वायुमंडल की गैस पादपों द्वारा अवशोषित की जाती है B). कोयले के निर्माण के दौरान जल और वाष्पशील पदार्थ नष्ट हो जाते हैं

C). सूर्य का प्रकाश भूमि में दबे पादपों में कार्बन को बढ़ाता है D). मृदा में उपस्थित पादपों के अवशेषों में खनिज मिल जाते हैं

Correct Answer: B

**Q.13 निम्नलिखित में से किसे, अजैवनिम्नीकरणीय पदार्थ माना जाता है?**

Ans A). प्लास्टिक के थैले B). सूती कपड़े C). केले के पत्ते D). लकड़ी की प्लेटें

Correct Answer: A

**Q.14 जीवाणु और सायनोजीवाणु दोनों में कौन-सी विशेषता साझा होती है?**

Ans A). दोनों बीज बनाकर प्रजनन करते हैं B). दोनों में सुस्पष्ट केंद्रक होता है C). दोनों एककोशिकीय प्राक्केंद्रकी हैं D). दोनों रोमंथियों की आंत्र में रहते हैं

Correct Answer: C

**Q.15 एक रसायनज्ञ कैल्शियम कार्बोनेट, सिल्वर क्लोराइड और लेड नाइट्रेट को सूर्य के प्रकाश के संपर्क में रखता है। कौन-से यौगिक, दृश्यमान परिवर्तन दर्शाएंगे?**

Ans A). केवल सिल्वर क्लोराइड B). केवल कैल्शियम कार्बोनेट C). तीनों यौगिक D). केवल लेड नाइट्रेट

Correct Answer: A

**Q.16 एक विद्यार्थी चालक पर बल की दिशा निर्धारित करने के लिए फ्लेमिंग के वाम-हस्त नियम का उपयोग करता है। यदि तर्जनी उंगली उत्तर की ओर इंगित करती है और मध्यमा उंगली पूर्व की ओर इंगित करती है, तो बल किस दिशा में कार्य करेगा?**

Ans A). दक्षिण की ओर B). पश्चिम की ओर C). नीचे की ओर D). ऊपर की ओर

Correct Answer: D

**Q.17 द्रवों में ठोसों और गैसों की विलेयता के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सामान्यतः सही है?**

Ans A). तापमान में वृद्धि के साथ द्रवों में ठोसों की विलेयता में वृद्धि हो जाती है, जबकि द्रवों में गैसों की विलेयता में कमी हो जाती है

B). तापमान में वृद्धि के साथ द्रवों में ठोसों की विलेयता में कमी हो जाती है, जबकि द्रवों में गैसों की विलेयता में वृद्धि हो जाती है

C). तापमान में वृद्धि के साथ द्रवों में ठोसों और गैसों दोनों की विलेयता में कमी हो जाती है

D). तापमान में वृद्धि के साथ द्रवों में ठोसों और गैसों दोनों की विलेयता में वृद्धि हो जाती है

Correct Answer: A

**Q.18** 800 J की गतिज ऊर्जा वाली किसी गतिशील वस्तु पर –600 J का नेट कार्य किया जा रहा है। वस्तु पर क्या प्रभाव पड़ेगा?

Ans A). वह गति करना बंद कर देगी B). वह समान चाल से गति करती रहेगी C). वह आधी चाल से गति करेगी D). इससे उसकी चाल दो गुनी हो जाएगी

Correct Answer: C

**Q.19** धूम्रपान से रक्त वाहिकाओं से संबंधित किस रोग का जोखिम बढ़ जाता है?

Ans A). हृद्वाहिका रोग (Cardiovascular disease) B). मधुमेह (Diabetes) C). अरक्तता (Anaemia) D). गलगंड (Goitre)

Correct Answer: A

**Q.20** मूत्र निर्माण के दौरान कितना जल पुनः अवशोषित होगा, यह निम्नलिखित में से कौन निर्धारित करता है?

Ans A). आधिक्य जल B). ऑक्सीजन C). ग्लूकोज D). प्रोटीन

Correct Answer: A

**Q.21** जब साबुन के अणुओं को जल में मिलाया जाता है तो उनका क्या होता है?

Ans A). आयनिक शीर्ष जल में रहते हैं जबकि हाइड्रोकार्बन पूंछ बाहर की ओर निकली रहती हैं B). आयनिक शीर्ष और पूंछ दोनों संपूर्ण रूप से जल के भीतर रहते हैं C). साबुन के अणु बिना किसी विन्यास के यादृच्छिक रूप से विलीन हो जाते हैं D). हाइड्रोकार्बन पूंछ जल में रहती है जबकि आयनिक शीर्ष बाहर की ओर निकले होते हैं

Correct Answer: A

**Q.22** कोई जलवायु वैज्ञानिक घाटी के तल और ढालों पर सेंसर लगाता है। दिन के समय, ढालों पर लगे सेंसर उच्च तापमान और घाटी से बहने वाली तेज पवन को दर्शाते हैं। यह किस घटना का संकेत देता है?

Ans A). ढाल तापन के कारण दिन के समय की घाटी समीर B). निकट के मैदानों से थल समीर C). शीतलन के पश्चात रात के समय की पर्वत समीर D). दूरस्थ जल निकायों से समुद्री समीर

Correct Answer: A

**Q.23** किसी अभिसारी दर्पण की वक्रता त्रिज्या 30 cm है। यदि किसी बिंब को ध्रुव से 60 cm की दूरी पर मुख्य अक्ष पर रखा जाता है, तो निर्मित प्रतिबिंब की प्रकृति क्या होगी?

Ans A). प्रतिबिंब, बिंब की ही ओर वास्तविक और उल्टा होगा B). प्रतिबिंब, विपरीत पक्ष पर वास्तविक और सीधा होगा C). प्रतिबिंब, बिंब की समान स्थिति पर होगा D). प्रतिबिंब, बिंब की ही ओर आभासी और सीधा होगा

Correct Answer: A

**Q.24** एक मरुपादप में, कार्बन डाइऑक्साइड को रात में ग्रहण किया जाता है और एक मध्यवर्ती के रूप में संग्रहीत किया जाता है, बाद में जिसका उपयोग दिन में कार्बोहाइड्रेट संश्लेषण के लिए किया जाता है। इस अनुकूलन से पौधे को उसके वातावरण में क्या लाभ होता है?

Ans A). यह अपेक्षाकृत ठंडी रात में रंध्रों के खुलने से जल की हानि को कम करता है B). इससे क्लोरोफिल की आवश्यकता समाप्त हो जाती है C). यह दिन के दौरान प्रकाश संश्लेषण की दर को बढ़ाता है D). यह केवल रात में कार्बोहाइड्रेट संश्लेषण की सुविधा देता है

Correct Answer: A

**Q.25** किसी वस्तु पर एक नियत बल कार्य करता है और उसे बल की दिशा में 25 m की दूरी तक ले जाने में 250 J कार्य करता है। बल का परिमाण ज्ञात कीजिए।

Ans A). 15 N B). 20 N C). 10 N D). 25 N

Correct Answer: C

**Q.26** माता की वर्तमान आयु का दोगुना, उसकी पुत्री की वर्तमान आयु के चार गुने के बराबर है। उनकी वर्तमान आयु का योगफल 72 वर्ष है। उनकी वर्तमान आयु में (वर्ष में) कितना अंतर है?

Ans A). 21 B). 19 C). 26 D). 24

Correct Answer: D

**Q.27** यदि एक गोले का पृष्ठीय क्षेत्रफल 28.26 $cm^2$ है, तो उसका आयतन ज्ञात कीजिए। ($\pi$ = 3.14 लीजिए)

Ans A). 14.13 $cm^3$ B). 18.31 $cm^3$ C). 20.42 $cm^3$ D). 12.24 $cm^3$

Correct Answer: A

**Q.28** एक कक्षा में 25 लड़कों और 20 लड़कियों द्वारा प्राप्त अंकों का औसत 73 है। यदि लड़कियों के औसत अंक, लड़कों के औसत अंकों से 4.5 अधिक हैं, तो सभी लड़कियों द्वारा प्राप्त कुल अंक ज्ञात कीजिए।

Ans A). 1510 B). 1570 C). 1550 D). 1450

Correct Answer: A

**Q.29** सुधा का व्यय उसकी बचत से 100% अधिक है। यदि उसके व्यय में 6% की कमी होती है और बचत में 18% की वृद्धि होती है, तो उसकी आय में कितने प्रतिशत की वृद्धि होती है?

Ans A). 6% B). 2% C). 5% D). 7%

Correct Answer: B

Q.30 $\sqrt{256}+\sqrt{0.0121}-\sqrt{8.41}$ को सरल कीजिए।

Ans A). 15.34 B). 3.48 C). 13.21 D). 11.09

Correct Answer: C

Q.31 दो बैंकों, A और B ने क्रमशः 3.5% और 8% वार्षिक ब्याज दर पर ऋण की पेशकश की। रूपेश ने प्रत्येक बैंक से ₹3,00,000 का ऋण लिया। 2 वर्ष बाद रूपेश द्वारा दोनों बैंकों को चुकाए गए साधारण ब्याज की धनराशियों के बीच का धनात्मक अंतर (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans A). 27,000 B). 28,500 C). 26,500 D). 28,000

Correct Answer: A

Q.32 यदि $\frac{\operatorname{cosec}\theta(1-\cos\theta)(\operatorname{cosec}\theta+\cot\theta)}{(\cos\theta(\sec\theta+\tan\theta))}=\frac{1}{1+k}$ है, तो $k$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans A). $\cos\theta$ B). $\operatorname{cosec}\theta$ C). $\sin\theta$ D). $\sec\theta$

Correct Answer: C

Q.33 एक विक्रेता ₹43,670 में 22 लैपटॉप बैग खरीदता है और उन्हें ₹39,760 में 20 बैग की दर से बेचता है। कुल ₹1,227 का लाभ अर्जित करने के लिए, इस दर पर कितने लैपटॉप बैग खरीदे और बेचे जाने चाहिए?

Ans A). 397 B). 388 C). 417 D). 409

Correct Answer: D

Q.34 सुमन ने ₹3,500 की धनराशि वार्षिक रूप से संयोजित होने वाले 20% वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज की दर से निवेश की। यदि उसे n वर्षों के बाद ₹6,048 की धनराशि प्राप्त हुई, तो n का मान ज्ञात कीजिए।

Ans A). 2.6 B). 2 C). 4 D). 3

Correct Answer: D

Q.35 एक व्यक्ति 45 km/hr की चाल से एक शहर तक जाता है और उसी मार्ग से 60 km/hr की चाल से वापस आता है। उसके द्वारा लिया गया कुल समय 7 घंटे है। प्रारंभिक बिंदु से शहर की दूरी ज्ञात कीजिए।

Ans A). 175 km B). 165 km C). 180 km D). 182 km

Correct Answer: C

Q.36 एक व्यक्ति की मासिक आय ₹7,545 है। यदि उसकी आय में 20% की वृद्धि की जाती है, तो उसकी नई मासिक आय कितनी होगी?

Ans A). ₹9,058 B). ₹9,056 C). ₹9,054 D). ₹9,052

Correct Answer: C

Q.37 एक डीलर दो वस्तुएँ X और Y, प्रत्येक ₹2,500 में खरीदता है। वह दोनों पर समान मूल्य अंकित करता है। वह X को 84% और 37% की दो क्रमिक छूट देकर बेचता है और फिर भी ₹947 का लाभ अर्जित करता है। यदि वह Y को 86% की एकल छूट पर बेचता है, तो Y पर लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

Ans A). 91.5% B). 90% C). 90.5% D). 91%


Correct Answer: A

Q.38 8 cm भुजा और 6 cm शीर्षलंब वाले समचतुर्भुज का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।

Ans A). $44\ cm^2$ B). $48\ cm^2$ C). $54\ cm^2$ D). $38\ cm^2$

Correct Answer: B

Q.39 निम्नलिखित पाई चार्ट का अध्ययन कीजिए और उसके बाद दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।
पाई चार्ट में एक वर्ष में पांच गांवों की जनसंख्या का प्रतिशत दर्शाया गया है।




गांव A की जनसंख्या और गांव C की जनसंख्या का अनुपात ज्ञात कीजिए।

Ans A). 2 : 5 B). 3 : 5 C). 1 : 3 D). 2 : 3

Correct Answer: B

**Q.40** $\frac{\sin x}{1-\cot x}+\frac{\cos x}{1-\tan x}$ का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). sinx − cosx B). 1 C). sinx + cosx D). cosx − sinx

**Correct Answer: C**

**Q.41** संख्या 4488, निम्नलिखित में से किस संख्या से विभाज्य है?

**Ans** A). 26 B). 19 C). 30 D). 22

**Correct Answer: D**

**Q.42** $3.6+\frac{5}{2}-1.25$ का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). $4\frac{7}{20}$ B). $3\frac{9}{20}$ C). $5\frac{3}{20}$ D). $4\frac{17}{20}$

**Correct Answer: D**

**Q.43** अमन अकेला एक प्रोजेक्ट 27 दिनों में पूरा कर सकता है। बेला, अमन से 25% ज़्यादा कुशल है। वे दोनों 10 दिनों तक एक ही प्रोजेक्ट पर एक साथ काम करते हैं। फिर, बेला काम छोड़ देती है तथा अमन अकेले काम करना जारी रखता है। प्रोजेक्ट कितने दिनों में पूरा होगा?

**Ans** A). 15 दिन B). 16 दिन C). 14.5 दिन D). 13.5 दिन

**Correct Answer: C**

**Q.44** एक मोटरबोट धारा की दिशा में 72 km की दूरी 3 घंटे में तय करती है। वही मोटरबोट धारा की विपरीत दिशा में 48 km की दूरी तय करने में 4 घंटे का समय लेती है। स्थिर जल में मोटरबोट की चाल ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 15 km/hr B). 16 km/hr C). 20 km/hr D). 18 km/hr

**Correct Answer: D**

**Q.45** पिछले 5 चुनावों में एक राजनीतिक दल द्वारा प्राप्त सीटों का औसत 23 है। यदि यह दल वर्तमान चुनावों में 47 सीटें प्राप्त करता है, तो छह चुनावों में इस राजनीतिक दल द्वारा प्राप्त सीटों का नया औसत ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 29 B). 27 C). 30 D). 28

**Correct Answer: B**

**Q.46** एक तकनीकी कंपनी द्वारा आयोजित कोडिंग मूल्यांकन में, उम्मीदवार X और उम्मीदवार Y के अंकों का अनुपात 12 : 15 है। यदि उम्मीदवार Y ने 75 अंक प्राप्त किए हैं, तो उम्मीदवार X द्वारा प्राप्त अंक ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 65 B). 50 C). 60 D). 55

**Correct Answer: C**

**Q.47** $5\sqrt{3}, 4\sqrt{5}$ और $10\sqrt{3}$ का चतुर्थानुपाती ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). $8\sqrt{5}$ B). $8\sqrt{3}$ C). $4\sqrt{3}$ D). $5\sqrt{3}$

**Correct Answer: A**

**Q.48** निम्नांकित बारंबारता बंटन सारणी में वर्ग-अंतराल और बारंबारता दर्शाई गई है।

| वर्ग अंतराल | बारंबारता |
|---|---|
| 10-20 | 5 |
| 20-30 | 9 |
| 30-40 | 15 |
| 40-50 | 6 |

बंटन का बहुलक ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 24 B). 34 C). 40 D). 20

**Correct Answer: B**

**Q.49** एक बाइक ₹1,20,000 में खरीदी जाती है। यदि पहले वर्ष में बाइक का मूल्य 18% कम हो जाता है और दूसरे वर्ष में बाइक का मूल्य 7% कम हो जाता है, तो दो वर्ष बाद इसका मूल्य ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). ₹98,230 B). ₹90,340 C). ₹91,512 D). ₹89,450

**Correct Answer: C**

**Q.50** एक वर्ग का परिमाप 948 m है। इसका क्षेत्रफल ($m^2$ में) ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 56,149 B). 56,152 C). 56,168 D). 56,169

**Correct Answer: D**

Q.51 A, B, C, U, V और W एक ही इमारत के छह अलग-अलग तलों पर रहते हैं। इमारत में सबसे नीचे वाले तल का क्रमांक 1 है, उसके ऊपर वाले तल का क्रमांक 2 है और इसी तरह सबसे ऊपर वाले तल का क्रमांक 6 है। W सबसे ऊपर वाले तल पर रहता है। W और B के बीच केवल तीन व्यक्ति रहते हैं। A, B के नीचे किसी तल पर रहता है। V एक सम क्रमांक वाले तल पर रहता है। C एक विषम क्रमांक वाले तल पर रहता है लेकिन तल क्रमांक 5 पर नहीं रहता है। U और B के बीच कितने व्यक्ति रहते हैं?

Ans A). दो B). तीन C). एक D). चार

**Correct Answer: A**

Q.52 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans A). OUA B). KOS C). CGK D). AEI

**Correct Answer: A**

Q.53 एक निश्चित कूट भाषा में,
A @ B का अर्थ है कि, 'A, B की माता है'
A # B का अर्थ है कि, 'A, B का भाई है'
A - B का अर्थ है कि, 'A, B की पत्नी है'
A + B का अर्थ है कि, 'A, B का पिता है'
उपरोक्त के आधार पर, यदि 'C @ R # U - M + B' हो तो C का B से क्या संबंध है?

Ans A). माता B). पिता C). माता की माता D). माता की बहन

**Correct Answer: C**

Q.54 यह प्रश्न निम्नलिखित शब्दों पर आधारित है।
(बाएं) BET YOU ZAP FRY (दाएं)
दाएं से दूसरे शब्द के दूसरे अक्षर और बाएं से दूसरे शब्द के तीसरे अक्षर के बीच, अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में कितने अक्षर हैं?

Ans A). 15 B). 19 C). 22 D). 12

**Correct Answer: B**

Q.55 यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ '×' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '–' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न '?' के स्थान पर क्या आएगा?
9 A 3 C 5 B 6 D 10 = ?

Ans A). 25 B). 27 C). 21 D). 23

**Correct Answer: D**

Q.56 निम्नलिखित में से किस अक्षर-समूह द्वारा # और % को प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए ताकि :: के बाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किया गया पैटर्न और संबंध, :: के दाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किए गए पैटर्न और संबंध के समान हो?
# : XZY :: QSR : %

Ans A). # = ZBZ , % = NPO B). # = ZBA , % = OPQ C). # = ZDC , % = OQP D). # = ZBA , % = OQP

**Correct Answer: D**

Q.57 निम्नलिखित अक्षर, संख्या, प्रतीक शृंखला का संदर्भ लीजिए तथा प्रश्न का उत्तर दीजिए। (सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं।) (गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।)
(बाएं) Y A & 7 % G D 4 @ & K 6 T E 5 # 3 2 * R Z (दाएं)
ऐसे कितने प्रतीक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक संख्या है और ठीक बाद एक अक्षर भी है?

Ans A). तीन B). दो C). एक भी नहीं D). एक

**Correct Answer: B**

Q.58 एक निश्चित कूट भाषा में, 'SOLE' को '8921' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'LONE' को '7281' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'N' के लिए कूट क्या है?

Ans A). 1 B). 9 C). 2 D). 7

**Correct Answer: D**

Q.59 A, B, C, D, E, F और G, एक गोल मेज के परितः केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। F के बाईं ओर से गिनने पर, G और F के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। E, D के दाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। C, A के बाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। E, C के ठीक दाईं ओर पड़ोस में बैठा है। B, C का निकटतम पड़ोसी नहीं है। G के दाईं ओर से गिनने पर, E और G के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans A). 2 B). 3 C). 4 D). 1

**Correct Answer: B**

**Q.60** दिए गए कथन/नों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। आपको कथनों में दी गई जानकारी को सत्य मानना है, भले ही वे सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत हों। ज्ञात कीजिए, कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन: सभी बिस्किट, वेफर हैं। कोई भी बिस्किट, कैंडी नहीं है।

निष्कर्ष (I) : सभी कैंडी, बिस्किट हैं।.
निष्कर्ष (II) : कोई भी वेफर, बिस्किट नहीं है।

Ans A). केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है B). केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है C). निष्कर्ष I और निष्कर्ष II दोनों अनुसरण करते हैं D). न तो निष्कर्ष I और न ही निष्कर्ष II अनुसरण करता है

**Correct Answer: D**

---

**Q.61** सैम बिंदु A से ड्राइव करना शुरू करता है और पश्चिम की ओर 9 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएँ मुड़ता है और 7 km ड्राइव करता है, फिर वह बाएँ मुड़ता है और 11 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएँ मुड़ता है और 13 km ड्राइव करता है। अंत में वह बाएँ मुड़ता है और 2 km ड्राइव करके बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर वापस पहुंचने के लिए उसे कितनी दूरी (न्यूनतम दूरी) तक और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया गया हो, सभी मोड़ केवल 90-डिग्री के मोड़ हैं।)

Ans A). 7 km, दक्षिण की ओर B). 9 km, दक्षिण की ओर C). 6 km, दक्षिण की ओर D). 8 km, दक्षिण की ओर

**Correct Answer: C**

---

**Q.62** J, U की माता है। U, N की बहन है। D, R का पिता है। R, N का पुत्र है। J का R से क्या संबंध है?

Ans A). बहन B). माता की माता C). माता D). माता की बहन

**Correct Answer: B**

---

**Q.63** सात मित्र J, K, L, M, N, O और P, उत्तर की ओर अभिमुख होकर एक सीधी पंक्ति में बैठे हैं। K, L के दाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। K और M का निकटतम पड़ोसी O है। J और P का निकटतम पड़ोसी L है। N, O के बाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। P, किसी भी छोर पर नहीं बैठा है। दिए गए विन्यास के आधार पर निम्नलिखित चार में से तीन किसी निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा विकल्प, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?

Ans A). J और L B). L और P C). N और O D). P और N

**Correct Answer: C**

---

**Q.64** यह प्रश्न निम्नलिखित शब्दों पर आधारित है।
(बाएं) ION EBB PET GET (दाएं)
दाएं से तीसरे शब्द के तीसरे अक्षर और बाएं से पहले शब्द के पहले अक्षर के बीच, अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में कितने अक्षर हैं?

Ans A). 7 B). 6 C). 5 D). 8

**Correct Answer: B**

---

**Q.65** निम्नलिखित में से किन अक्षर-समूहों द्वारा # और % को प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए ताकि :: के बाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किया गया पैटर्न और संबंध, :: के दाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किए गए पैटर्न और संबंध के समान हो?
# : VRO :: CYV : %

Ans A). # = FBY , % = SOL B). # = FDA , % = SOL C). # = FBY , % = SNM D). # = FBX , % = RNK

**Correct Answer: A**

---

**Q.66** एक निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए, 31 का संबंध 122 से है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, 24 का संबंध 94 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, 19 का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना संक्रियाएं केवल पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए, 13 लीजिए – 13 पर संक्रियाएं, जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि, केवल 13 पर की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

Ans A). 64 B). 70 C). 78 D). 74

**Correct Answer: D**

---

**Q.67** एक निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए, 14 का संबंध 195 से है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, 11 का संबंध 120 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, 15 का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना संक्रियाएं केवल पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए, 13 लीजिए – 13 पर संक्रियाएं, जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि, केवल 13 पर की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

Ans A). 224 B). 240 C). 324 D). 234

**Correct Answer: A**

---

**Q.68** शब्द VERDANT के प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। इस प्रकार बने नए अक्षर-समूह में बाईं ओर से दूसरे अक्षर और दाईं ओर से तीसरे अक्षर के बीच अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में कितने अक्षर हैं?

Ans A). दस B). बारह C). ग्यारह D). तेरह

**Correct Answer: D**

**Q.69** निम्नलिखित में से किस अक्षर-समूह द्वारा # और % को प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए ताकि :: के बाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किया गया पैटर्न और संबंध, :: के दाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किए गए पैटर्न और संबंध के समान हो?
**# : BGJ :: NSV : %**

**Ans** A). # = EJM % = KPS B). # = FHM % = KOV C). # = EPM % = QZS D). # = EUN % = OQS

**Correct Answer: A**

---

**Q.70** निम्नलिखित श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। (सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं।) (गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।)

**(बाएं) 4 2 4 5 2 5 3 6 2 3 3 7 4 1 5 1 5 7 8 7 7 9 8 4 3 6 9 (दाएं)**

ऐसे कितने विषम अंक हैं जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक विषम अंक है और ठीक बाद में भी एक विषम अंक है?

**Ans** A). 4 B). 2 C). 5 D). 3

**Correct Answer: C**

---

**Q.71** G, H, J, K, L और P, एक ही इमारत के छह अलग-अलग तलों पर रहते हैं। इमारत के सबसे निचले तल का क्रमांक 1 है, उसके ठीक ऊपर वाले तल का क्रमांक 2 है और इसी प्रकार, सबसे ऊपरी तल का क्रमांक 6 है।
तल क्रमांक 5 पर H रहता है। G, H के ऊपर किसी तल पर रहता है। केवल P, L के नीचे रहता है। J, एक सम क्रमांकित तल पर रहता है। K के नीचे कितने व्यक्ति रहते हैं?

**Ans** A). तीन B). दो C). एक D). चार

**Correct Answer: B**

---

**Q.72** अंग्रेजी वर्णानुक्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

**Ans** A). PU:WB B). MR:TY C). UZ:BG D). HN:OT

**Correct Answer: D**

---

**Q.73** यदि शब्द STICKER के प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में व्यवस्थित किया जाए, तो कितने अक्षरों की स्थिति अपरिवर्तित रहेगी?

**Ans** A). दो B). तीन C). एक D). एक की भी नहीं

**Correct Answer: C**

---

**Q.74** यदि संख्या 81527236 के प्रत्येक विषम अंक में 1 जोड़ दिया जाए और प्रत्येक सम अंक में से 2 घटा दिया जाए, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में बाएं से तीसरे अंक और दाएं से दूसरे अंक का योगफल कितना होगा?

**Ans** A). 6 B). 8 C). 10 D). 4

**Correct Answer: C**

---

**Q.75** दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर कौन-सा विकल्प आना चाहिए?

**90 70 52 36 22 ?**

**Ans** A). 14 B). 8 C). 10 D). 12

**Correct Answer: C**

---

**Q.76** सात डिब्बे, I, J, K, L, Q, R और S, एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में हों। Q के ऊपर केवल L को रखा गया है। Q और S के बीच केवल I को रखा गया है। J के नीचे केवल K को रखा गया है। R और K के बीच कितने डिब्बे रखे गए हैं?

**Ans** A). दो B). चार C). एक D). तीन

**Correct Answer: C**

---

**Q.77** यदि संख्या 18243564 के प्रत्येक विषम अंक में 1 जोड़ दिया जाए और प्रत्येक सम अंक में से 2 घटा दिया जाए, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में बाएं से तीसरे अंक और दाएं से दूसरे अंक का योगफल कितना होगा?

**Ans** A). 10 B). 8 C). 4 D). 12

**Correct Answer: C**

---

**Q.78** निम्नलिखित अक्षर श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए (गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है)।
(बाएं) K I F R I Z O K U F U I I F U K Y X A B (दाएं)
ऐसे कितने स्वर हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक व्यंजन है और ठीक बाद में भी एक व्यंजन है?

**Ans** A). छह B). सात C). चार D). पांच

**Correct Answer: A**

**Q.79** दिए गए कथन/नों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। आपको कथनों में दी गई जानकारी को सत्य मानना है, भले ही वे सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत हों। ज्ञात कीजिए, कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन: कुछ हाथ, पैर हैं। कोई भी पैर, मुख नहीं है।

निष्कर्ष (I) : सभी मुख, पैर हैं।
निष्कर्ष (II) : कोई भी पैर, हाथ नहीं है।

Ans A). निष्कर्ष I और निष्कर्ष II दोनों अनुसरण करते हैं B). केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है C). न तो निष्कर्ष I और न ही निष्कर्ष II अनुसरण करता है D). केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है

Correct Answer: C

**Q.80** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?
JTS, SCB, BLK, KUT, ?

Ans A). CDT B). TCD C). TDC D). DCT

Correct Answer: C

**Q.81** 2026 में ई-प्रिजंस मॉड्यूल (E-Prisons Module) खबरों में क्यों था?

Ans A). इसे AI के माध्यम से जेल की सुरक्षा की निगरानी के लिए पेश किया गया था B). इसे ऑनलाइन अदालती सुनवाई करने के लिए शुरू किया गया था C). इसने सभी राज्यों में जेल मैनुअल का स्थान ले लिया D). इसके लांच के बाद सर्वोच्च न्यायालय ने जेल सुधार कार्यवाही को बंद कर दिया

Correct Answer: D

**Q.82** जून 2026 में घोषित, जलीय जिंक-आयन बैटरियों के निष्पादन में सुधार के लिए किस संस्थान के वैज्ञानिकों ने इलेक्ट्रोलाइट एडिटिव BDIM विकसित किया है?

Ans A). भारतीय विज्ञान संस्थान (IISc) B). CSIR–राष्ट्रीय रासायनिक प्रयोगशाला (CSIR-NCL) C). भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र (BARC) D). नैनो विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थान (INST)

Correct Answer: D

**Q.83** अप्रैल 2026 में, भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा शहरी सहकारी बैंकिंग क्षेत्र को सुदृढ़ करने के लिए कौन-सी पहल शुरू की गई थी?

Ans A). मिशन सहयोग (Mission SAHYOG) B). मिशन सुरक्षा (Mission SURAKSHA) C). मिशन सक्षम (Mission SAKSHAM) D). मिशन समर्थ (Mission SAMARTH)

Correct Answer: C

**Q.84** निम्नलिखित में से किस संगठन ने फरवरी 2026 में 'भ्रष्टाचार बोध सूचकांक (Corruption Perceptions Index) 2025' प्रकाशित किया?

Ans A). अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष B). विश्व बैंक C). संयुक्त राष्ट्र D). ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल

Correct Answer: D

**Q.85** मई 2026 में, सर्वोच्च न्यायालय ने यह स्पष्ट किया कि भारत के निर्वाचन आयोग को मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) करने की शक्ति संविधान के __________ से प्राप्त होती है।

Ans A). अनुच्छेद 325 B). अनुच्छेद 326 C). अनुच्छेद 327 D). अनुच्छेद 324

Correct Answer: D

**Q.86** मार्च 2026 में हुए चुनावों के बाद नेपाल के प्रधानमंत्री के रूप में किसे चुना गया?

Ans A). लोकेन्द्र बहादुर चंद B). शेर बहादुर देउबा C). पुष्प कमल दहल D). बालेंद्र शाह

Correct Answer: D

**Q.87** छठे खेलो इंडिया विंटर गेम्स (KIWG) 2026 के लद्दाख चरण के अंत में, निम्नलिखित में से कौन-सा राज्य/केंद्र शासित प्रदेश पदक तालिका में शीर्ष पर रहा?

Ans A). हिमाचल प्रदेश B). कर्नाटक C). उत्तराखंड D). हरियाणा

Correct Answer: D

**Q.88** वर्ष 2026 की लंदन मैराथन (London Marathon) में, कौन-सा एथलीट प्रतिस्पर्धी दौड़ (competitive race) में आधिकारिक तौर पर दो घंटे से कम समय में मैराथन पूरी करने वाला इतिहास का पहला पुरुष बना?

Ans A). जैकब किप्लिमो (Jacob Kiplimo) B). सबास्टियन सावे (Sabastian Sawe) C). इलियड किपचोगे (Eliud Kipchoge) D). योमिफ केजेलचा (Yomif Kejelcha)

Correct Answer: B

**Q.89** प्रथम भारत अंतर्राष्ट्रीय विवाद सप्ताह (IIDW) 2026, 7–11 मार्च, 2026 तक कहाँ आयोजित किया गया था जिसकी थीम "जहाँ दुनिया विवाद सुलझाने के लिए मिलती है (Where the World Meets to Resolve Disputes)" थी?

Ans A). जयपुर B). शिमला C). हैदराबाद D). चंडीगढ़

Correct Answer: D

**Q.90** मार्च 2026 में, केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 2031-2035 की अवधि के लिए भारत के अद्यतन राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान (NDC) को मंजूरी दी। 2035 तक भारत के GDP की उत्सर्जन तीव्रता को कम करने का नया लक्ष्य क्या है?

Ans A). 2005 के स्तर से 60 प्रतिशत B). 2005 के स्तर से 47 प्रतिशत C). 2010 के स्तर से 45 प्रतिशत D). 2005 के स्तर से 35 प्रतिशत

Correct Answer: B

**Q.91** विश्व जल दिवस 2026 की थीम "वॉटर एंड जेंडर (Water and Gender)" है। यह दिवस प्रतिवर्ष किस तिथि को मनाया जाता है?

Ans A). 22 मार्च B). 21 मार्च C). 8 मार्च D). 10 मार्च

Correct Answer: A

**Q.92** फरवरी 2026 में पाकिस्तान ने किस देश के विरुद्ध खुले युद्ध की घोषणा की?

Ans A). अफगानिस्तान B). नेपाल C). भारत D). ईरान

Correct Answer: A

**Q.93** 2026 में, किस अवसर पर भारत आधिकारिक रूप से पैक्स सिलिका (Pax Silica) गठबंधन में शामिल हुआ?

Ans A). इंडिया AI इम्पैक्ट समिट 2026 के पांचवें दिन B). 2025 साइन्स एंड टेक फोरम के दौरान C). G20 समिट 2026 में D). डिजिटल इंडिया वीक के पहले दिन

Correct Answer: A

**Q.94** जनवरी 2026 में, महाराष्ट्र के किस पूर्व राज्यपाल को पद्म भूषण से सम्मानित किया गया?

Ans A). विद्यासागर राव B). भगत सिंह कोश्यारी C). एस.सी. जमीर D). सी.पी. राधाकृष्णन

Correct Answer: B

**Q.95** जुलाई 2026 में, अतिरिक्त छह माह की अवधि के लिए केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (CBDT) के अध्यक्ष के रूप में किसे पुनः नियुक्त किया गया था?

Ans A). संजय मल्होत्रा B). रवि अग्रवाल C). नितिन गुप्ता D). तुहिन कांत पांडे

Correct Answer: B

**Q.96** मई 2026 में शुरू किया गया शासन अभियान "सुशासन तिहार 2026" किस भारतीय राज्य से संबंधित था?

Ans A). उत्तर प्रदेश B). झारखंड C). छत्तीसगढ़ D). मध्य प्रदेश

Correct Answer: C

**Q.97** किस टेनिस खिलाड़ी ने 12 अप्रैल 2026 को आयोजित फाइनल में कार्लोस अल्कारेज को हराकर 2026 मोंटे-कार्लो मास्टर्स एकल खिताब जीता?

Ans A). नोवाक जोकोविच B). अलेक्जेंडर ज्वेरेव C). डेनियल मेदवेदेव D). जैनिक सिनर

Correct Answer: D

**Q.98** भारतीय एथलेटिक्स महासंघ द्वारा पहले इंडियन एथलेटिक्स अवार्ड्स 2026 में, वर्ष 2025 की सर्वश्रेष्ठ महिला एथलीट किसे घोषित किया गया?

Ans A). अविनाश साबले (Avinash Sable) B). ज्योति याराजी (Jyothi Yarraji) C). पारुल चौधरी (Parul Chaudhary) D). एन्सी सोजन (Ancy Sojan)

Correct Answer: C

**Q.99** SDGs के अनुरूप भारत के दीर्घकालिक विकास रोडमैप को तैयार करने के लिए कौन सी प्रमुख पहल शुरू की गई थी?

Ans A). विकसित भारत @ 2047 विजन B). प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना C). SDG समन्वय केंद्र D). डेटा फॉर डेवलपमेंट कोऑर्डिनेशन फोरम

Correct Answer: A

**Q.100** भारत में 11 अप्रैल, 2026 को किस समाज सुधारक की 200वीं जयंती मनाई गई थी?

Ans A). रवींद्रनाथ टैगोर B). ज्योतिराव फुले C). सरदार वल्लभभाई पटेल D). डॉ. बी. आर. अम्बेडकर

Correct Answer: B

"